समाचार

प्रशासन की सूझ–बूझ व दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत आपसी सहमति से चौपाटी में हुई ठेलों की शिफ्टिंग

(बहुप्रतीक्षित चौपाटी शिफ्टिंग में प्रशासन को मिली सफलता, घंटाघर निहारिका मार्ग पर आवागमन होगा व्यवस्थित, ठेला संचालकों को भी समय–समय पर ठेले हटाने की समस्या का नहीं करना पड़ेगा सामना)

कोरबा 13 फरवरी 2025 –कलेक्टर श्री अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के लगातार दिशा निर्देशन में घंटाघर मैदान में अव्यवस्थित रूप से लग रहे ठेलों की आपसी सहमति से चौपाटी में शिफ्टिंग का कार्य आज सम्पन्न हुआ, इससे एक ओर जहॉ घंटाघर निहारिका मुख्य मार्ग पर आवागमन व्यवस्थित होगा, वहीं दूसरी ओर ठेला संचालकों को अब अपने व्यवसाय हेतु स्थाई रूप से स्थल मिल चुका है तथा उन्हें समय–समय पर अपना ठेला हटाने की समस्या का सामना भी अब नहीं करना पड़ेगा।

घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में अनेक वर्षो से सैकड़ों की संख्या में अव्यवस्थित व अनाधिकृत रूप से ठेले लगाए जा रहे थे, जिनके परिणाम स्वरूप घंटाघर निहारिका मुख्य मार्ग का आवागमन प्रभावित होता था, विशेषकर शाम के समय वहॉ पर अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण एक ओर जहॉ यातायात अव्यवस्थित होता था, वहीं दूसरी ओर दुर्घटना आदि की संभावना बनी रहती थी। घंटाघर के उक्त मैदान में समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के फलस्वरूप इन ठेलों को हटना भी पड़ता था, जिससे ठेला संचालकों को भी असुविधा का सामना करना

पड़ता था, लगभग 06–07 वर्ष पूर्व घंटाघर मैदान से लगे व स्मृति उद्यान के पीछे गढ़ कलेवा का निर्माण प्रशासन द्वारा कराया गया था एवं इन ठेलों को वहॉ पर शिफ्ट किया गया था, किन्तु कुछ माह पश्चात ही ठेले वहॉ से उठकर पुनः मैदान में लगने लगे एवं समस्या जस की तस हो गई। इस बीच प्रशासन ने अनेकों बार ठेलों की शिफ्टिंग की योजना बनाई, किन्तु योजना को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका।

कलेक्टर की सूझ–बूझ व दृढ़ इच्छाशक्ति से हो सकी शिफ्टिंग – कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने चौपाटी शिफ्टिंग की दिशा में अपनी सूझ–बूझ व दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय को चौपाटी को रेनोवेट करने एवं चौपाटी संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी सहमति बनाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एक ओर जहॉ चौपाटी के रेनोवेट का कार्य त्वरित गति से प्रारंभ कराया, वहीं दूसरी ओर संघ के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर आपसी सहमति तैयार कराई, परिणाम स्वरूप बहुप्रतीक्षित चौपाटी शिफ्टिंग की योजना को अमलीजामा पहनाते हुए आज शिफ्टिंग कार्य को अंजाम तक पहुंचा दिया गया।

चौपाटी को आकर्षक स्वरूप देने किए गए कार्य – चौपाटी को आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में निगम द्वारा वर्तमान में अनेकों कार्य कराए गए, प्रवेश द्वार को रेनोवेट कर आकर्षक रूप दिया गया, वहीं चौपाटी के अंदर पेवर ब्लाक लगाने, नाली का निर्माण, वाटर सप्लाई को व्यवस्थित करने के साथ ही बिजली की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, चौपाटी की दीवालों पर आकर्षक पेंटिंग कर वहॉ का सौदंर्यीकरण का कार्य भी किया गया है। निगम द्वारा चौपाटी में फाउंटेन की स्थापना भी कराई जाएंगी एवं उद्यानिकी से जुड़े कार्यो के साथ–साथ बच्चों के मनोरंजन हेतु आवश्यक उपकरण भी लगाए जाएंगे, निगम द्वारा चौपाटी को और अधिक विस्तारित, आकर्षक व सुविधायुक्त बनाया जाएगा।

चौपाटी में लगभग 200 ठेलों के लिए है जगह – चौपाटी में लगभग 200 ठेलों के लिए जगह की उपलब्धता बनाई गई है, घंटाघर मैदान में लगने वाले ठेलों की शिफ्टिंग के साथ–साथ उक्त समूचे क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से लगने वाले ठेलों को भी चौपाटी में व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किए जाने का कार्य किया जाएगा, ताकि सड़कों पर अनाधिकृत रूप से ठेले न लगें, यातायात व्यवस्थित रहें एवं आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

क्या कहते हैं आसपास के लोग – महाराणा प्रतापनगर निवासी श्री पवन दास दीवान ने इस संबंध में कहा कि चौपाटी की गढ़कलेवा में शिफ्टिंग प्रशासन का सराहनीय कदम है, इससे घंटाघर निहारिका रोड की यातायात व्यवस्था सुधरेगी। सुभाष ब्लाक कोरबा निवासी श्री फिरतराम यादव ने कहा कि ठेले गुमठी की गढ़कलेवा में शिफ्टिंग संबंधित ठेला संचालकों के भी हित में है, उन्हें व्यवसाय हेतु स्थाई स्थल मिल गया तथा बार–बार ठेला गुमठी हटाए जाने का भय नहीं रहेगा। इसी प्रकार व्यवसायी पवित्र कुमार ने कहा कि मैदान से ठेले गुमठी की चौपाटी में शिफ्टिंग प्रशासन का सराहनीय कार्य है, जो सभी के हित में है, इससे यहॉ की यातायात व्यवस्था सुधरेगी, वहीं ठेला गुमठी संचालक भी निश्चिंत होकर अपना व्यवसाय संचालित कर सकेंगे। इसके साथ ही गढ़ कलेवा चौपाटी को एक सुव्यवस्थित रूप मिलेगा।